


# सोने के अंडे देने वाला कीड़ा

मिलिसेंट ई. सेल्सम

# सोने के अंडे देने वाला कीड़ा




मिलिसेंट ई. सेल्सम




यह असली बच्चों के बारे में एक सच्ची कहानी है.

मैं इस कहानी में मिली हूँ.

हम सभी ने मिलकर यह पता लगाने की कोशिश की कि सोने के अंडे किस कीड़े ने दिए होंगे.






ये सभी नौ बच्चे वहाँ थे.

मौरा थी.

नीना थी.

लिसा थी.

बेकी थी.


जेरी था.

ग्रेग था.

मैथ्यू था.

बिली था.

एनी थी.



"मिली," उन्होंने पुकारा.

मिली ने खिड़की खोली.

"क्या है?" उसने पूछा.

"क्या तुम देख के हमें बता सकती हो कि

क्या ये क्रिकेट के अंडे हैं?" ग्रेग ने पूछा.

"अंडे कहाँ हैं?" मिली ने पूछा.

"क्रिकेट के पिंजरे में," ग्रेग ने कहा.

"क्रिकेट का पिंजरा कहाँ है?" मिली ने पूछा.

"मेरे घर में," ग्रेग ने कहा.

"ठीक है, पिंजरे को यहाँ लाओ," मिली ने कहा







पाँच मिनट में सभी नौ बच्चे वापिस लौटे.

वे एक ठेला खींच रहे थे.

ठेले पर एक बड़ा मछली का टैंक था

जिस पर एक ढक्कन रखा था

"क्रिकेट के लिए कितना बड़ा टैंक!" मिली ने कहा.

"क्या उसके अंदर बहुत सारे क्रिकेट हैं?"

"नहीं," ग्रेग ने कहा, "सिर्फ एक.

लेकिन हम और और क्रिकेट पकड़ने जा रहे हैं.

हमें उनकी चहचहाहट सुनना अच्छा लगता है.

हम एक क्रिकेट ऑर्केस्ट्रा बनाएंगे."

"अंडे कहाँ हैं?" मिली ने पूछा.

जेरी ने टैंक खोला.

उसने पत्तियों वाली एक टहनी निकाली.



बारह गुना बड़े अंडे

"अंडे इस पत्ते पर हैं," जेरी ने कहा.

मिली ने देखा.

पत्ते पर अंडों का एक छोटा गुच्छा था

वे सुनहरे और हरे रंग के थे.

"क्या वे क्रिकेट के अंडे हैं?" एनी ने पूछा.

"मुझे नहीं पता," मिली ने कहा.

"लेकिन मेरे पास कीटों पर एक पुस्तक है.

तुम सभी मेरे पीछे आओ."

सभी लोग मिली के पीछे अंदर गए.

मिली को कीटों वाली पुस्तक मिल गई.

उसने क्रिकेट के बारे में देखा.

"इसमें लिखा है कि क्रिकेट

अपने अंडे ज़मीन में देते हैं," उसने कहा.

"इसका मतलब वे क्रिकेट के अंडे नहीं हैं,

क्योंकि ये अंडे एक पत्ते पर हैं," मैथ्यू ने कहा.

"पर वे अंडे मछली के टैंक में कैसे पहुँचे?"

मिली ने पूछा.

"क्या तुम्हारे पास वहाँ कोई और कीट नहीं था, ग्रेग?"

"नहीं," ग्रेग ने कहा, "सिर्फ़ एक क्रिकेट था."

"शायद जब मैंने उसे टैंक में डाला था,

तब अंडे पत्ते पर होंगे," मौरा ने कहा.

"ऐसा हो सकता है," बिली ने कहा.

"हम कैसे पता लगा सकते हैं कि ये किस के अंडे हैं?"

बेकी ने पूछा.

"मुझे देखने दो कि किताब में इसके बारे में क्या लिखा है,“

मिली ने कहा.

उसे अपनी कीट पुस्तक खोली.

"यह रहा.

किताब में लिखा है कि अगर तुम्हें पता है

कि अंडे किस पौधे पर थे,

तो वो एक अच्छा सुराग होगा.

मुझे वह पौधा दिखाओ."



"मुझे पता है कि मुझे वो अंडे कहाँ से मिले,"

मौरा ने चिल्लाते हुए कहा.

"मुझे लगता है कि वो गोल्डनरॉड की झाड़ी है."

"क्या तुम्हें लगता है कि

तुम कुछ और भी अंडे ला सकती हो?"

मिली ने पूछा.

मौरा पौधे की तलाश में बाहर गई.

वह अपने हाथ में गोल्डनरॉड की

एक पतली शाखा लेकर वापस आई,

"यह पौधे का निचला हिस्सा है.

आप देख सकते हैं कि मैंने ऊपर

का हिस्सा कहाँ से काटा है," उसने कहा.

"देखें कि क्या वे एक साथ फिट होते हैं,"

बिली ने कहा.

मौरा ने दोनों तनों को एक साथ पकड़ा.

"वे फिट होते हैं," उसने कहा.



"अब क्या?" बेकी ने पूछा.

"अंडे गोल्डनरॉड पौधे पर थे," मिली ने कहा.

"कम-से-कम हम इतना तो जानते हैं.


चलो अंडों को अच्छी तरह से देखें."

उसने एक मैग्नीफाइंग गिलास (आवर्धक कांच) लिया.

सभी को अंडे देखने का मौका मिला.

"अंडे खाली दिखते हैं," बिली ने कहा.

"शायद वे पहले ही फूट चुके हैं," मिली ने कहा.



"मुझे उनमें कुछ अंडे निकालने दो

मैं उन्हें स्लाइड पर रखूंगी

मैं बाद में उन्हें माइक्रोस्कोप से देखूँगी."

"अब हम क्या करें?" नीना ने पूछा.

"चलो प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय को लिखते हैं,"

लिसा ने कहा.

"वहाँ एक आदमी है जो कीड़ों के

बारे में बहुत कुछ जानता है.

मैं एक बार उनके पास कुछ नमूने लेकर गई थी."

"उनका नाम क्या है?" नीना ने पूछा.

ग्रेग ने कहा, "आपको उनके नाम की ज़रूरत नहीं है."

"आप कीटों के प्रोफेसर को लिखें."

सभी लोग पत्र लिखने में मदद करने लगे.

तभी ग्रेग का छोटा भाई एथन अंदर आया.



"क्या मैं अंडे देख

सकता हूँ?" उसने पूछा.

"हाँ," मिली ने कहा,

"उन्हें मैग्नीफाइंग

गिलास (आवर्धक कांच)

से देखो."

पत्र जल्दी ही समाप्त हो गया.

उसमें लिखा था:

प्रिय कीटों के प्रोफेसर,

हमें ये अंडे एक क्रिकेट के पिंजरे में मिले. पहले हमें लगा कि ये क्रिकेट के अंडे हैं. फिर हमें पता चला कि क्रिकेट जमीन में अंडे देते हैं. फिर हमें लगा कि शायद अंडे पिंजरे में डालने से पहले पत्ते पर थे.

हमारे पास एक कीट पुस्तक है लेकिन उसमें अंडों के बारे में कुछ भी नहीं बताया गया है. वो पत्ता एक गोल्डनरॉड पौधे का था. क्या आप हमें बता सकते हैं कि वो क्या है? वे किस कीट के अंडे हैं?

आप लिफाफे में पत्ते पर अंडे पाएंगे.

प्रार्थी

ग्रेग, एनी, जेरी, बिली, बेकी, लिसा, मैथ्यू, नीना

ओशन-बे पार्क फायर आइलैंड, न्यू यॉर्क

मिली अंडे वाला पत्ता लेने के लिए उठी.

"वो कहाँ है?" वह चिल्लाई.

"वो यहीं था."

"मुझे यकीन है कि एथन उसे ले गया होगा,"

ग्रेग ने कहा.

"एथन कब गया?" मिली ने पूछा.



"दस मिनट पहले," एनी ने कहा.

"चलो हम चारों ओर देखते हैं," मिली ने कहा.

सभी नौ बच्चों और मिली ने देखा.

उन्होंने पूरे फर्श पर देखा.

वहां कोई पत्ता नहीं था.

और न ही कोई अंडे थे.





"चलो एथन से उनके बारे में पूछें,"

मैथ्यू ने कहा.

हर कोई एथन को खोजने के लिए बाहर गया.

"वह यहाँ है!" ग्रेग चिल्लाया.

"क्या तुमने अंडों के साथ पत्ता लिया?"

"नहीं!" एथन ने कहा.

"क्या तुम निश्चित हो?" मिली ने पूछा.

"हमें उन अंडों को संग्रहालय में भेजना है."

"मैंने पत्ता नहीं लिया," एथन ने कहा.

"अब हम क्या करें?" एनी ने पूछा,

"तुम्हारे पास स्लाइड पर कुछ अंडे हैं."

"बेकी ने कहा. "फिर उन्हें भेज दो."

"नहीं," मिली ने कहा.

"मैं स्लाइड को बचाकर रखूँगी.

जब मैं शहर जाऊँगी,

तो मैं उन्हें खुद संग्रहालय ले जाऊँगी."

"लेकिन इस बीच क्या हम कुछ नहीं कर

सकते?" बिली ने पूछा.

"हम और अंडे ढूँढ सकते हैं," मौरा ने कहा.

"मुझे लगता है कि हमें यही करना है,"

मिली ने कहा.

"अब देर हो चुकी है. चलो कल दस
बजे मौरा के घर के पास मिलते हैं."

"उसके घर के पास क्यों?"


ग्रेग ने पूछा.

"क्योंकि मेरे घर के आस-पास
गोल्डनरॉड के पौधे हैं," मौरा ने कहा.

अगली सुबह सभी लोग वहीं मिले.








उन्होंने ब्लॉक के हर गोल्डनरॉड पौधे को ध्यान से देखा.

लेकिन वहाँ उन्हें कोई और सुनहरा अंडा नहीं दिखा.




"पत्तियों पर बहुत सारे छोटे लाल और नीले कीड़े हैं,"

बिली ने कहा.

"शायद ये वे कीड़े हों जिन्होंने अंडे दिए थे,"

एनी ने कहा.

"शायद," मिली ने कहा.

घर पर, उसने कीट-गाइड में लाल और नीले रंग के कीटों को देखा.

वे थे पृष्ठ 34 पर.

वहां पर एक लाल-पट्टी वाला लीफहॉपर था.

मिली उस दिन बाद में बाकी बच्चों से मिली.

उसने उन्हें लाल और नीले रंग के कीट का नाम बताया.

फिर उसने कहा. "हम कैसे पता लगा सकते हैं

कि कि वो वही हैं जिसने अंडे दिए हैं?"

"चलो हम कुछ कीड़े पकड़ते हैं और

उन्हें गोल्डनरोड पत्तियों के साथ

जार में डालते हैं," बेकी ने कहा.

"फिर शायद वे और अंडे देंगे."

"चलो कल हम लोग कीड़ों का शिकार करेंगे,"

नीना ने कहा.

"मैं एक तितली पकड़ने वाला जाल लाऊँगी,"

एनी ने कहा.

"और मैं कुछ कांच के जार भी लाऊँगी,"

मिली ने कहा.

वे अगली दोपहर मिले. सूरज गर्म था.

उन्होंने लाल और नीले रंग के

लीफहॉपर की तलाश की.

"देखो, यहाँ पर एक है," मैथ्यू चिल्लाया.

उसने उसे अपने साथ लाए छोटे से

जाल से पकड़ने की कोशिश की.

लेकिन लीफहॉपर जाल के पास आने से

पहले हीपत्ती से कूद गया.



"यहाँ पर एक है," एनी चिल्लाई.

उसने उसे अपने तितली के जाल से

पकड़ने की कोशिश की.

उसके पास आने से पहले ही

लीफहॉपर कूद गया.

"अब मैं समझी कि उन्हें लीफहॉपर

क्यों कहते हैं," एनी ने कहा.

"वे हमेशा पत्तों से कूदते रहते हैं."







"मुझे एक और दिखाई दे रहा है,"

ग्रेग चिल्लाया.

"कहाँ?" जेरी ने पूछा.

"ठीक यहाँ," ग्रेग ने कहा.

उसने पत्ते पर एक धब्बे की ओर इशारा किया.

"यह कोई कीड़ा नहीं है," जेरी ने कहा.

"फिर से देखो."

"मुझे एक दिखाई दे रहा है,"

ग्रेग चिल्लाया.

"कहाँ?" जैरी ने पूछा.

"ठीक यहीं," ग्रेग ने कहा.

उसने एक छोटे भूरे रंग के कीड़े की ओर इशारा किया.

"वह गलत कीड़ा है," जैरी ने कहा.

"हम इन उछलने वाले कीड़ों को कैसे पकड़ सकते हैं?"

बेकी ने पूछा.

"चलो अपने हाथों से पकड़ने की कोशिश करते हैं,"

नीना ने कहा.

बेकी ने एक पत्ते पर अपने हाथों से ताली बजाई.

"मैंने एक पकड़ा है!" वह चिल्लाई.

"एक जार लाओ." लिसा एक जार उसके पास ले गई.

"पत्तियों को तोड़कर इसमें डाल दो,"

लिसा ने कहा.

बेकी ने पत्ते जार में डाल दिए.

लेकिन इससे पहले कि वह अपने हाथ बाहर निकाल पाती,

लीफहॉपर बाहर कूद गया.

"चलो वहाँ उस बड़े जार में डालने की कोशिश करते हैं,"

उसने कहा,

"ताकि मैं अपने हाथ बाहर निकाल सकूँ."



लिसा बड़ा जार लेकर आई.

बेकी को एक और लीफहॉपर मिला.

इस बार उसने पत्तियाँ और लीफहॉपर को अंदर डाला.

और उसने अपने हाथ जल्दी से बाहर निकाले.

लिसा ने जल्दी से ढक्कन लगाया.

"इस बार हम कीड़ा पकड़ पाए," उन दोनों ने कहा.





"क्या हम रात को कोशिश नहीं कर सकते?"

एनी ने पूछा.

"तब शायद कीड़े इतनी उछलकूद न करें."

"ठीक है," मिली ने कहा.

"चलो कल मिलेंगे

रात के खाने के बाद ठीक सात बजे.

हम जार लेकर आएंगे

और उसके ढक्कन में कुछ छेद कर देंगे."

"ढक्कनों में छेद क्यों?" बिली ने पूछा.

"हम चाहते हैं कि लीफहॉपर ज़िंदा रहें, है न?


उन्हें साँस लेने के लिए," ग्रेग ने कहा.

अगली रात सात बजे सभी लोग मिले.

वे सड़क पर चले.



ब्लॉक पर कोई संगीत का रिकॉर्ड बजा रहा था.



"यह अच्छा कीट-शिकार होगा," एनी ने कहा.

शायद संगीत ने मदद की.

शायद लीफहॉपर शांत थे.

क्योंकि उन्होंने सात लीफहॉपर पकड़े.

उन्होंने उन्हें गोल्डन रॉड पत्तियों वाले जार में डाल दिया.

"सवाल यह है कि क्या वे अंडे देंगे?"

जेरी ने कहा.

"अंडे देने के लिए एक मादा तो होनी ही चाहिए,"

ग्रेग ने कहा.

"यह सच है," मिली ने कहा.

"लेकिन नर और मादा कीट बिलकुल एक-जैसे दिखते हैं."

"ठीक है," मौरा ने कहा, "अगर हमारे पास

काफी संख्या में लीफहॉपर हैं,

तो उनमें से निश्चित रूप से कुछ मादा होंगे"



अगले दिन मिली ने जार को धूप में रख दिया.

दो दिन बाद उसने जार में देखा.

लीफहॉपर मर चुके थे.

उसने बाकी बच्चों को बुलाया और पूछा,

"आपको क्या लगता है, वे क्यों मर गए?"

उसने उन्हें बताया कि उसने जार कहाँ रखे थे.

"शायद वहां बहुत गर्मी होगी," बेकी ने कहा.

"चलो फेंकने से पहले

हम उन पत्तियों को देखते हैं," मैथ्यू ने कहा.

उन्होंने एक-एक करके जार खाली किया.

उन्होंने हर पत्ती को देखा.

उनपर कोई अंडे नहीं थे.

"मैं और लीफहॉपर पकडूँगी

और फिर से उन्हें जार में डालूँगी,"

मिली ने कहा.



"चलो हम सब और लीफहॉपर पकड़ते हैं.

वो एक मजेदार खेल है," मैथ्यू ने कहा.







अगले दिन वे फिर से शिकार करने गए.

नीना ने एक नई तरकीब इस्तेमाल की.

उसने धीरे से जार को, गोल्डनरॉड पौधे के

ऊपर उल्टा करके रख दिया.

फिर उसने पौधे की टहनी तोड़ी

और जार पर ढक्कन लगा दिया.

"मैंने पाँच लीफहॉपर पकड़े हैं!" वह चिल्लाई.

बाकी सभी ने भी वो नई तरकीब आजमाई.

दस मिनट में, उन्होंने तीस लीफहॉपर पकड़े.

"अब हम इस काम में अच्छे हो रहे हैं,"

ग्रेग ने कहा.

इस बार मिली ने लीफहॉपर वाले जार

की अच्छी तरह से देखभाल की.

उसने उन्हें ठंडी जगह पर रखा जिससे

उन्हें हर दिन थोड़ी धूप मिले.

"अगर ये लीफहॉपर सही अंडे नहीं देते हैं,

तो बच्चे दुखी होंगे," उसने खुद से सोचा.

उस हफ़्ते वह एक लाइब्रेरी में गई

जहाँ कीटों के बारे में कई किताबें थीं.

उसने लाल-पट्टी वाले लीफहॉपर के बारे में पढ़ा.

"मादाएँ अपने अंडे

पौधों के तने और पत्तियों में देती हैं."

उसने उसे फिर से पढ़ा.

"तो यह सही कीट नहीं हो सकता.

जो अंडे हमें मिले वे पत्तियों पर थे."

अगले दिन उसने बच्चों से पूछा,

"क्या तुम परेशान होगे अगर लाल-पट्टी वाला लीफहॉपर

वह कीट नहीं है जिसने सुनहरे अंडे दिए थे?"



"क्या!" एनी ने कहा.

"क्या हमारी सब मेहनत बेकार गई!"

"क्या वो सब व्यर्थ था?" मिली ने पूछा.

"ठीक है, हमने कम-से-कम लीफहॉपर को पकड़ना तो सीखा.

शायद हमने गलत कीट को पकड़ा," मैथ्यू ने कहा.

"मेरे दिमाग में एक विचार है," जैरी ने कहा.

"हम गोल्डनरॉड पौधे पर

सभी अन्य कीड़ों को पकड़ सकते हैं.

मैंने वहां भूरे रंग के और कई अन्य प्रकार के कीड़े देखे.

फिर हम उन्हें भी जार में रख सकते हैं."

"और फिर क्या?" मिली ने पूछा.

"और फिर तब तक प्रतीक्षा करें

जब तक वे अंडे न दें," जैरी ने कहा.



"लेकिन अब गर्मियों का अंत करीब आ रहा है,"

मिली ने कहा.

"बहुत सारे कीड़े अब अंडे नहीं देंगे.

कई कीड़े पतझड़ और सर्दियों में जीवित रहते हैं

और वे वसंत में अंडे देते हैं."

"हम तब तक उनका इंतजार करेंगे,"

बेकी ने कहा,

"हम और अधिक अंडों की तलाश करेंगे"

"मैं यह जानना चाहता हूँ,

इसमें इतना समय क्यों लगता है?"

बिली ने कहा.

"लेकिन वैज्ञानिक हमेशा चीजों को

जल्दी से नहीं जान सकते," मिली ने कहा.

"वैसे भी हम में से कौन वैज्ञानिक बनना

चाहता है!" मैथ्यू ने कहा.

"मैं जानना चाहता हूँ कि उन अंडों को किसने दिया.

मुझे इसकी परवाह नहीं कि उसे

खोजने में मुझे कितना समय लगता है,"

लिसा ने कहा.

"मैं भी," नीना ने कहा.

"मान लीजिए कि हमें वसंत में कुछ

और अंडे मिल जाते हैं.

फिर क्या?" मिली ने पूछा.


"इस बार हम अंडे फूटने से पहले ही ताज़े अंडे ले लेंगे.

हम उन्हें एक जार में डाल देंगे

और देखेंगे कि उनमें से क्या निकलता है,"

जेरी ने कहा.

"यही एकमात्र तरीका है जिससे हम पता लगा सकते हैं."




"लेकिन मैं फिर भी विशेषज्ञों से पूछने की कोशिश करूँगी,"

मिली ने सोचा.

"मेरे पास अभी भी स्लाइड पर कुछ अंडे बचे हैं."

जब मिली शहर गई,

वो वो प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय गई.

वहां पर वो कीट विभाग में गई.

उसने एक प्रोफेसर को अंडे दिखाए.


मैं आपको नहीं बता सकता

कि ये किस कीट ने दिए हैं," प्रोफेसर ने कहा,

"लेकिन मुझे यकीन है कि ये

किसी कीड़े के अंडे हैं - शायद किसी बदबूदार कीड़े के.

बेहतर होगा कि आप कीड़ों के विशेषज्ञ से मिलें."




मिली, कीड़ों के  विशेषज्ञ के पास गई.

उसने उन्हें अपने दोस्तों द्वारा अंडे

खोजने के बारे में बताया.

कीट विशेषज्ञ ने अंडों को ध्यान से देखा.

"वे किसी बदबूदार कीड़े के अंडे जैसे दिखते हैं,

लेकिन मुझे डर है कि मैं नहीं बता सकता

कि वो कौन सा कीड़ा है,"उन्होंने कहा.

"मैं अंडों का विशेषज्ञ नहीं हूँ.

आप डॉ. जेम्स को लिखें. यह रहा उनका पता."

मिली ने दो अंडे लिए

और उन्हें एक नई स्लाइड पर रखा.

फिर उसने नई स्लाइड को एक कार्ड पर रखा.

उसने उन्हें टेप से चिपका दिया.

"इस तरह अंडे टूटेंगे नहीं," उसने सोचा.

फिर उसने डॉ. जेम्स को एक पत्र लिखा.

उसने अंडे देने वाले कीड़े का नाम पूछा.


एक सप्ताह बाद उसे एक पत्र मिला.

डॉ. जेम्स ने लिखा,

"मुझे डर है कि मैं आपकी मदद नहीं कर सकता.

अंडे बहुत कुचले हुए थे."

"किस तरह के कीड़े ने ये अंडे दिए हैं,
यह पता लगाने का एकमात्र तरीका है
कि आप वसंत में ताजे अंडे ढूंढें.
अंडों को फूटने दें और युवा कीड़ों को बढ़ते हुए देखें,"
"यही तो बच्चों ने कहा था," मिली ने सोचा.
"और हम सब मिलकर यही करेंगे."



**याद रखें:**

जब आप किसी कीट गाइड बुक

का उपयोग कर रहे हों,

तो आप पाएंगे कि "बग" शब्द का अर्थ

सभी कीटों से नहीं होगा,

बल्कि केवल एक विशेष प्रकार के कीट से होगा.

एक सच्चा कीट अपने मुंह की

एक ट्यूब के माध्यम से पौधों या

जानवरों से रस चूसता है.

एक सच्चे कीट के दो पंख होते हैं

जो आधार पर मोटे होते हैं.

समाप्त